
हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 28 मार्च 2024
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]


04 बंदर का विद्युत नगरी सारनी में आतंक कईयों को ...


07 राधा कृष्ण बने कलाकारों ने बरसाए फूल, आनंद उमंग...

### सिटी पुलिस ने 52 और पथरौटा पुलिस ने 21 किलो गांजा पकड़ा

# सिटी और पथरोटा पुलिस की गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

सिटी पुलिस ने 52 किलो 500 ग्राम से अधिक का 7 लाख 90 हजार का गांजा और पथरोटा पुलिस ने 21 किलो 250 ग्राम, करीब 4 लाख 25 हजार का गांजा जब्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण पुलिस की मुस्तैदी बढ़ी है और इसी के अंतर्गत ये अंतर्राज्यीय गिरोह के तस्कर पकड़ाये। इटारसी पुलिस ने उड़ीसा से इटारसी होकर कहीं ओर जा रहे गांजे को कुशल रणनीति के साथ इटारसी में उतवाकर आरोपियों को पकड़ा है। इस सफलता में आरपीएफ का भी योगदान रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




मंगलवार को पुलिस थाना परिसर में विस्तृत ब्योरा देते हुए एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि विश्वस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी इटारसी ने तत्काल टीम का गठन कर, कार्यवाही करते हुए आरपीएफ स्टाफ इटारसी की मदद से रेल्वे ट्रेक के पास गरीबी लाइन क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में उड़ीसा की एक महिला जो अपने हाथ में एक ट्राली बैग लिए हुई थी, एवं एक पुरुष जो अपने हाथ में एक ट्राली बैग तथा पीठ पर एक पिट्ठू बैग लिए था, दोनों को घेराबंदी कर पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 52 किलो 529 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीब 8 लाख रुपए का जब्त किया।

आरोपी सुदने पिता गणेश कालसे 29 वर्ष निवासी कांटामाल उड़ीसा और महिला सैलासुता पिता साना भोई 36 वर्ष निवासी कांटामाल उड़ीसा को गिरफ्तार किया। मामले में निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, संजीव वाजपेयी आरपीएफ, अनुराधा मिश्रा आरपीएफ, उपनिरीक्षक विशाल नागवे, ओपी गुर्जर, थाना इटारसी के एएसआई संजय रघुवंशी, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया, प्रदीप चौधरी, अनिता चौहान, शेख अबरार, नर्मदाप्रसाद, आरक्षक जयप्रकाश पाते, हरीश डिगरसे, राजेश, चेतना, पूनम राजपूत, गुलशन सोनी, एवं आरपीएफ इटारसी के सोबरन सिंह, डेविड दीन अशोक बारीवे, हरप्रताप सिंह, संदीप सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पथरोटा पुलिस की सफलता

थाना पथरोटा में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर रेल्वे माइक्रो ऑफिस के पास दुर्गा मंदिर तिराहा के आगे पुरानी खंडर ऑफिसर कालोनी में मकान नं. आरबी-439 में एक व्यक्ति से 21 किलो 250 ग्राम गांजा जब्त किया है। गांजा के साथ यह व्यक्ति मकान में पीछे की तरफ बहुत देर करीब 2 घंटे से छिपकर बैठा था। थाना पथरोटा पुलिस एवं आरपीएफ थाना इटारसी के स्टाफ के साथ अविलंब एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपी अरुण पारे पिता दुलीचंद पारे उम्र 45 साल निवासी बाबू खां का मकान बाजपेयी नगर भोपाल के कब्जे से एक कत्थई रंग के बैग में रखा गांजा जिसका वजन 9 किलो 40 ग्राम तथा दूसरे नीले रंग के बैग में रखे हुये 6 पैकेट में रखा अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसका वजन 12 किलो 210 ग्राम कुल अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 21 किलो 250 ग्राम कीमती 4 लाख 25 हजार रूपये की जब्त कर एवं आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी थाना नयायार्ड इटारसी, निरीक्षक अनुराधा मिश्रा आरपीएफ थाना इटारसी, उप निरीक्षक संजीव पंवार थाना प्रभारी पथरोटा, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गेश मालवीया थाना पथरोटा, प्रधान आरक्षक प्रकाश परते थाना पथरोटा, सत्यवीर सिंह आरपीएफ थाना इटारसी, नरेन्द्र पवार आरपीएफ थाना इटारसी, डेविड दीन आरपीएफ थाना इटारसी, आरक्षक धीरज राठौर थाना पथरौटा, अशोक बारिबे आरपीएफ थाना इटारसी, टीटू मर्सकोले थाना पथरोटा, हरप्रताप सिंह आरपीएफ थाना इटारसी, प्रधान आरक्षक संदीप सोनी आरपीएफ थाना इटारसी, सियाराम टेकाम, प्रधान आरक्षक चालक कन्हैयालाल गौर की विशेष सराहनीय भूमिका रही है।

# कार्रवाईः पिस्टल से हवाई फायर करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



होली के दिन सोमवार शाम को नर्मदापुरम शहर के आदर्शनगर क्षेत्र में पिस्टल से दो बार हवाई फायर करने वाले युवक को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। आरोपी सागर कुचबंदिया है। जिसे पुलिस ने देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। गर्लफ्रेंड से किसी व्यक्ति का झगड़ा होने के बाद आरोपी ने रौब झाड़ने व दहशत फैलने के लिए यह उत्पात किया। आरोपी सागर कुचबंदिया ने अपने दो साथी अंकित और अजय जाटव के साथ वार्ड नंबर 13 आदर्शनगर में उक्त व्यक्ति के घर के पास आकर हुड़दंग की थी और दो बार हवाई फायर किया था। जिसके बाद तीनों बाइक से भाग निकले थे। हवाई फायर के बाद पिस्टल हाथ में लेकर घूमने का युवकों का वीडियो भी वायरल हुआ था। पुलिस ने सागर कुचबंदिया को अरेस्ट कर लिया, जिससे देशी पिस्टल बरामद की। उसके साथी अजय जाटव और अंकित की तलाश जारी है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार चौहान ने बताया 25 मार्च की शाम करीब 6.45 बजे आदर्श नगर हाउसिंग बोर्ड में आरोपी सागर ने देशी कट्टे से हवाई फायर की थी। पूछताछ में आरोपी सागर ने कहा कि उसकी गर्लफ्रेंड का आदर्शनगर निवासी किसी व्यक्ति से विवाद हो गया था।

इसलिए 25 मार्च की शाम को वो अपने दोस्त अजय जाटव एवं अंकित के साथ मोहल्ले में रौब जमाने के इरादे से कट्टे से हवा फायर किया था। आरोपी के निशादेही पर बड़ी पहाडिया से उक्त देशी कट्टे एवं एक जिंदा राउंड एवं घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया। आरोपी सागर पिता इंदरसिंह कुचबंदिया (24) निवासी बंगाली कॉलोनी पूर्व में मारपीट व लूट के प्रकरण में पकड़ा चुका है। रेहटी थाने में लूट और कोतवाली थाने नर्मदापुरम में मारपीट का केस दर्ज किया। आरोपियों को पकड़ने में उनि बीएस उईके, सउनि गणेश रघुवंशी, प्रधानआरक्षक मुकेश ठाकरे, प्रधानआरक्षक राजेश गौर, आरक्षक शुभम, अर्जुन, अजमेश, रजत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 10 खरीदी केन्द्रों में 66 किसानों से 5770 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने गेहू एवं चना उपार्जन की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए की सभी उपार्जन केन्द्रों पर एक एक नोडल अधिकारियों नियुक्ति की जाए। बताया गया है कि अब तक 10 खरीदी केन्द्रों में 66 किसानों से 5770 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गोदाम स्तरीय केंद्रों में शासन के द्वारा जो नीति लागू की गई है उन नीतियों के आधार पर उन तहसील क्षेत्रों के समस्त क्षेत्र का प्रतिनिधित्व हो जाए। जिससे कि किसानों को अधिक दूर जाकर अपनी उपज बेचने के लिए परेशान ना होना पड़े। जिन गोदामों का निर्धारण उपार्जन के लिए किया जाना है उन गोदाम में शासन की नीति अनुसार समस्त तैयारी सुनिश्चित की जाए। सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्र के खंड स्तरीय उपार्जन समिति के सदस्यों के साथ आज ही बैठक कर गेहूं के उपार्जन केंद्रों का चयन करेंगे। तहसील क्षेत्र में उपार्जन केंद्रों के लिए उपार्जन संस्था सहकारी समिति का निर्धारण करें। उन समितियां में स्व सहायता समूह का चयन करें एवं अगर वे स्व सहायता समूह शासन की नीति अनुसार पात्रता रखते है और शासन के नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं तो उन स्व सहायता समूहों को गेंहू उपार्जन का अवसर दिया जाना सुनिश्चित करें। गेहूं एवं चने के उपार्जन की समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त एसडीएम को दिए। बताया गया कि आज दिनांक तक 67 उपार्जन केन्द्रों पर किसानों द्वारा 3119 स्लॉट बुक किये गये हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में महिलाओं ने मेहंदी लगाकर चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत समीपस्थ ग्राम खेड़ला में आंगनवाड़ी केन्द्र पर एकत्रित होकर महिलाओं ने मतदान करने का संदेश हाथों में मेंहदी लगाकर दिया। ज्ञातव्य हो कि 26 अप्रैल को हाने वाले लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रशासनिक अमला मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहा है इसी तारतम्य में जनपद की 49 ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। होली के अवसर पर भी होली को लोकतंत्र की होली के रूप में मनाया गया एवं वोट करने का संदेश दिया। ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर ने बताया कि सीईओ जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार के मार्गदर्शन में सभी 49 ग्राम पंचायतों में स्वीप की गतिविधियां की जा रही हैं। जिसमें ग्रामीणों को पोस्टर वेनर सेल्फी सपथ दिलाना आदि गतिविधियां की जा रही हैं।

कुछ जगह नवाचारी गतिविधियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में खेड़ला ग्राम में महिलाओं के द्वारा हाथों में मेंहदी लगाकर वोट करने का संदेश दिया एवं सभी महिलाओं ने शपथ भी ली आंगनवाड़ी केन्द्र में उपस्थित महिलाओं में सचिव वंदना चौरे, एएनएम मंजू पटैल, आशा सुपवाईजर अंजू वर्मा, आंगनवाडी कार्यकर्ता शारदा बकोरिया, नीता मेहरा, आशा कार्यकर्ता मीना वर्मा, सहायिका शकुन मीना एवं ग्राम की महिलायें किरण बकोरिया, करिश्मा बकोरिया, वंदना मीना, पायल मीना, अंजू मीना शामिल रहीं।

# वाहन रैली निकालकर पत्रकारों ने दिया मतदाता जागरुकता का संदेश

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मतदाता जागरूकता के लिए बुधवार को नेहरू पार्क से कलेक्ट्रेट तक प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों की वाहन रैली निकाली गई। कलेक्टर सोनिया मीना ने हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया। वाहन रैली का कलेक्ट्रेट गेट पर समापन हुआ। समापन अवसर पर कलेक्टर सोनिया मीना ने पत्रकारों को संबोधित कर कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी मीडिया का अहम रोल होता है। स्वीप गतिविधि के तहत मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा वाहन रैली आयोजित करने को लेकर कलेक्टर ने सराहना की। उन्होंने कहा कि पत्रकार साथी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों को निभाते हुए जन जागरूकता अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही मतदाता जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों को मीडिया जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने में मीडिया सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाएं। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, जिला जनसंपर्क अधिकारी रश्मि देशमुख मौजूद रहीं।

# व्यय प्रेक्षक ने कलेक्टर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17-होशंगाबाद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना ने होशंगाबाद आगमन के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना से मुलाकत की। कलेक्टर ने व्यय प्रेक्षक को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन से संबंधित तैयारियों एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक गुरूकरन सिंह ने जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति से व्यय प्रेक्षक को अवगत कराया। वहीं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराये जाने के प्रयोजन से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन पर्यवेक्षण कार्य के लिए केन्द्रीय व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसी अनुक्रम में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17-होशंगाबाद के लिए आईए एंड एएस 2009 बैच मीना कुमारी मीना को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। व्यय प्रेक्षक का आगमन जिले में बुधवार को हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन व्यय प्रेक्षक की सुविधा के लिए सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग अनुराधा शाक्यवार संपर्क नंबर 9926737538 को लायजनिंग एवं श्रम निरीक्षक ज्योति अय्यर 9425310494 को सहायक लायजनिंग ऑफिसर तथा निर्वाचन व्यय प्रेक्षक के लिए स्टेनोग्राफर जल संसाधन आरबी झवरे संपर्क नंबर 9977593865 को नियुक्त किया है तथा रिजर्व में नवीन शर्मा एसपीएम 9425624358 को नियुक्त किया है।

## आरटीई द्वितीय चरण के प्रवेश प्रक्रिया 2 अप्रेल को

**नर्मदापुरम।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों में सत्र 2024-25 में निःशुल्क प्रवेश हेतु प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। प्रथम चरण के उपरांत स्कूलों में रिक्त रह गई सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 2 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ होगी। आवेदकों को द्वितीय चरण में पृथक से आवेदन एवं सत्यापन की आवश्यकता नही है। आवेदन में केवल स्कूल की च्वाइस ही अपडेट हो सकेगी। द्वितीय चरण में स्कूल च्वाइस अपडेट करने हेतु वह आवेदक पात्र नहीं है जो प्रथम चरण में सत्यापन उपरांत अपात्र पाये गये थे।जिन आवेदकों को प्रथम में स्कूल आवंटन हुआ है व आवंटित स्कूल में प्रवेश ले लिया है वह भी द्वितीय चरण हेतु पात्र नही है। 02 से 04 अप्रैल 2024 तक स्कूलों की च्वाइस अपडेट होगी।08 अप्रैल को ऑनलाइन लाटरी निकलेगी व 12 से 18 अप्रैल तक आवंटन उपरांत स्कूल में प्रवेश लिया जा सकेगा।

## कलेक्टर ने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ की बैठक

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता के संबंध में बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना की उपस्थिति में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एस एस रावत, अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी प्रतीक राव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.के सिंह सहित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स लोगों तक जानकारी पहुंचाने का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने कहा कि जिले के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर मतदाताओं को विशेष तौर पर युवा वर्ग को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सक्रियता से कार्य करें। विभिन्न कलात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मतदाताओं को मतदान की महत्वता एवं अपने मत की शक्ति के प्रति जागरूक करें और सभी को प्रेरित करें कि अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त लोकतंत्र एवं श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनें।

### शिविर में रक्तदाताओं ने किया 35 यूनिट ब्लड डोनेट

# सरवाइट स्कूल में हुआ रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस समिति सोनिया मीना के निर्देशनुसार अधिक से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित रक्तदान किये जाए। इसी श्रृंखला में सरवाइट कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम द्वारा प्रथम बार सामाजिक गतिविधियों को जोड़कर आज छात्रों के परीक्षा परिणाम वितरण के अवसर पर पालकों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने जागरुकता अभियान एवं रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया।

जिसमें पालको को रक्त दान करने आमंत्रित किया गया जिसमें पालक एवं सर्वाइट स्कूल के स्टाफ द्वारा 35 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद माया नारोलिया की उपस्थिति में ब्लड बैंक अधिकारी डॉ रविकांत शर्मा, प्राचार्य सिस्टर सलूजा, सिस्टर क्लारा एवं जिला रेडक्रास प्रबंध समिति से चंद्रगोपाल चेयरमैन, मुकेश श्रीवास्तव,गौरव सेठ, उदित द्विवेदी, डीएस दांगी, गोविंद दुबे, सरवाईट स्कूल से संजय, फैज खान, गुरदीप, अलका पाठक, नीता सिंह, अमित मसानिया, रातिशा, कृष्णा, राकेश ठाकुर, रक्तदान टीम में पंकज शर्मा, शेर सिंह बड़कुर, रवि यादव, मुकेश आदि उपस्थिति रहे।

# अभ्यर्थी आज से दाखिल कर सकेंगे नाम निर्देशन पत्र, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को

### इस प्रक्रिया के दौरान जनसंपर्क विभाग फोटो एवं वीडियो उपलब्ध कराएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 की तिथियां का ऐलान होने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता संपूर्ण देश के साथ-साथ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद एवं संपूर्ण जिले में निर्वाचन प्रक्रिया के समाप्ति तक की अवधि के लिए प्रभावशील हो चुकी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र 28 एवं 30 मार्च एवं 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र न्यायालय कलेक्टर नर्मदापुरम एवं रिटर्निंग अधिकारी 17 होशंगाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्राप्त किए जाऐंगे। एक अभ्यर्थी एक निर्वाचन क्षेत्र के लिये अधिकतम 4 नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता हैं, एक अभ्यर्थी 2 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रो के लिये नामांकन नहीं कर सकेगा। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय के 100 मीटर परिधि में अधिकतम 3 वाहन एवं रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों को प्रवेश दिया जावेगा। जिला जनसंपर्क कार्यालय होशंगाबाद के अधिकृत वीडियोग्राफर एवं फोटोग्राफर जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करनेवाले अभ्यार्थियों की फोटो एवं वीडियो उपलब्ध कराएंगे।

## नामांकन पत्रों की संवीक्षा

नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल 2024 को कार्यालयीन समय में की जाएगी, नामांकन की वापसी दिनांक 08 अप्रैल 2024 को होगी। नामांकन हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रारूप ए एव बी नामांकन के अंतिम दिवस 3 बजे तक, जमानत राशि 25000 रुपये नगद या चालान द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये राशि 12500 रुपये देय होगी। पृथक नवीन बैंक खाता, मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति संवीक्षा के समय तक, रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष शपथ / प्रतिज्ञान संवीक्षा दिनांक के पहले, फोटो एवं नमूना हस्ताक्षर, नाम निर्देशन पत्र प्रारूप 2-ए, शपथ पत्र प्रारूप 26 नामांकन के अंतिम दिवस 3 बजे तक लिये जावेगें। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भी कर सकेंगे आयोग द्वारा व्यवस्था की गई हैं तदुपरान्त अभिलेखों का सत्यापन रिटर्निंग कार्यालय में किया जावेगा। ऑनलाइन नामांकन के लिए भारतीय चुनाव आयोग के सुविधा पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवारों को नामांकन फार्म और शपथ पत्र फॉर्म 26 में अपने व्यक्तिगत विवरण की ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि करने के लिए सुविधा प्रदान की गई है। अभ्यर्थी encore.eci.gov.in पर ऑनलाइन नॉमिनेशन की प्रक्रिया संपन्न कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### राजा पंवार बने घोड़ाडोंगरी विधानसभा प्रभारी

**बैतूल।** भाजपा मध्यप्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह तथा बैतूल हरदा हरसूद लोकसभा चुनाव प्रभारी भरत सिंह राजपूत एवं संभागीय संगठन प्रभारी पंकज जोशी ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार को लोकसभा चुनाव के लिए घोड़ाडोंगरी विधानसभा का प्रभारी घोषित किया है। उनकी इस नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। साथ ही उन्हें बधाई भी दी है।

### लहूलुहान हालत में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**बैतूल।** साईंखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुड़ी में एक युवक गंभीर हालत में पड़ा मिला। युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ला रहे थे रास्ते में ही मौत हो गई। युवक की हत्या होने की आशंका जताई है। साईंखेड़ा थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने बताया कि मंगलवार शाम को थाना क्षेत्र के ग्राम गुड़ी निवासी बुधराव पिता मनी इवने 18 वर्ष गाँव की आंगनबाड़ी के पास गंभीर हालत में पड़ा मिला। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुँचेए तो डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक के सिर में चोट के गंभीर निशान मिले है। पुलिस ने युवक की हत्या होने की आशंका जताई है। मृतक का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण सामने आएगा।

### सेहरा में आयुष्मान मेले का आयोजन आज

**बैतूल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहरा में आज गुरुवार 28 मार्च को आयुष्मान मेले का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैतूल रविकांत उइके के मार्गदर्शन अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहरा में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संगम मांडवे एवं ब्लाक टीम द्वारा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त आदेश अनुसार आयुष्मान मेले की तैयारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहरा में पूर्ण कर ली गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहरा से मिली जानकारी के अनुसार मेले में एमडी मेडिसीनए स्त्री रोग विशेषज्ञए शिशु रोग विशेषज्ञए नेत्र विशेषज्ञए नाकए कानए गला रोग विशेषज्ञए मानसिक रोग चिकित्सकए दंत चिकित्सक द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

### लोक सेवकों का प्रथम प्रशिक्षण शुरू

**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन के निष्पक्षए स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान दलों में चयनित लोक सेवकों का प्रथम प्रशिक्षण बुधवार 26 मार्च 2024 से 28 मार्च 2024 तक कराया जा रहा है। सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण द्वारा बताया गया कि यह प्रशिक्षण सभी 10 विकासखंड के 11 प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया है।

---

वन विभाग के अधिकारी मौन, शहर में फैल रहा दहशत का माहौल

# बंदर का विद्युत नगरी सारनी में आतंक कईयों को काटकर किया घायल, भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

तीन दिनों में चार लोगों को लंगूर के माध्यम से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है जिसमें सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति बिरसा सोनी की है यह महिला नगर पालिका परिषद सारनी में सफाई कर्मी के पद पर कार्य करती है और उनकी आयु 48 वर्ष बताई जा रही है 2 दिन पूर्व काले मुंह के बंदर (लंगूर)के माध्यम से इनहे जाध पर काटकर इन्हें कभी रूप से घायल कर दिया है। 51 टांके लगे हैं उपचार के लिए इन्हें काफी जादो जहद करनी पड़ रही है। कुछ इसी तरह की स्थिति टचमकी सोनी साथ भी हुई है इनकी उम्र 22 साल की है और बंदर ने पैर में इन्हें काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है जीने उपचार में 22 से अधिक टांके लगे होना बताए जा रहे हैं।इसके अलावा लखबीर डोंगरे उनकी उम्र 26 वर्ष से इन्हें भी बंदर ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।उपचार के लिए इन्हें 11 टांके लगाए गए जबकि क्षमा मालवीय को बंदर ने पटक कर रगड़ने के बाद जंग पर काट कर घायल कर दिया है इन्हें चार से छःटॉके लगे हैं आश्चर्य की बात तो यह है कि यह चारों लोगों को काले मुंह के बंदर ने काटकर गंभीर रूप से घायल किया है ऐसी स्थिति में अब क्षेत्र के लोगों में लंगूर और बंदरों की प्रति आक्रोश का माहौल बढ़ते जा रहा है। वन विभाग के बीट गार्ड और उत्तर वन परिक्षेत्र अधिकारी को इसकी जानकारी होने के बाद बंदरों के माध्यम से काटकर गंभीर रूप से घायल किए गए इन लोगों की शुद लेने का काम वन विभाग ने नहीं किया है। ऐसी स्थिति में अब वन विभाग के प्रति क्षेत्र में जान आक्रोश बढ़ता जा रहा है।यदि वन विभाग के माध्यम से इन बंदर और लंगूरों पर लगाम नहीं लगाई गई तो अब अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए लोग स्वयं ही लंगूर और बंदरों का शिकार करने के लिए मजबूर हो जाएंगे।



### बंदरों को खाद्य सामग्री न दिए जाने की कर रहे लोग अपील

विद्युत नगरी सारनी से लेकर बगड़ोना तक काले मुह के बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है ऐसी स्थिति को देखते हुए सामाजिक संगठन के लोगों के माध्यम से बंदरों को किसी भी तरह की कोई खाद्य सामग्री न दिए जाने की अपील की जा रही है बताया जा रहा है कि तेल से तले हुए और पैकेट के खाने की वजह से बंदर हिंसक प्रवृत्ति के होते जा रहे हैं जिसकी वजह से घरों में घुसकर खाद्य सामग्री के अलावा महिलाओं को गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं खाद्य सामग्री न दिए जाने पर वन क्षेत्र से बंदर शहरी क्षेत्र में नहीं आएंगे इसके अलावा जो लोग बैतूल बरेठा रानीपुर होकर जाते हैं वह लोग भी बंदरो को किसी भी तरह की खाद्य सामग्री ना खिलाए तले हुए सामग्री खाने से बंदरों में चर्म रोग की बीमारी होने की संभावना से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जो दूसरे लोगों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

### विद्युत नगरी सारनी में लगातार लंगूरों का बढ़ रहा आतंक

सतपुड़ा व्यापारी संघ और आम लोगों के जन सहयोग से बंदरों को पकड़ने का कार्य किया गया था।लेकिन कुछ लोगों के माध्यम से इसमें आपत्ति दर्ज की गई थी उसके बाद बंदरों की धर पकड बंद कर दी गई। अब स्थिति यह निर्मित हो गई है कि रास्ते चलते महिला पुरुषों पर लाल और काले मुंह के बंदर लगातार हमला करके उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दे रहे हैं।

ऐसा नहीं की वन विभाग के आला अधिकारियों को इसकी जानकारी ना हो लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस कार्य से अपना पीछा छुड़वाना चाह रहा है अब घायलों के माध्यम से उत्तर वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं सारनी एसडीओ को पत्र लिखकर बंदरों के काटने से घायल हुए लोगों को उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाना शुरू कर दिया है। अब देखना है कि वन विभाग के माध्यम से काले मुंह के लंगूर को पकड़ा जाता है या फिर लोगों को इसी तरह काटकर गंभीर रूप से घायल करने के लिए छोड़ दिया जाता है।

### अधिकारी नहीं उठाते किसी का फोन

काले मुह के बंदर (लंगूरों) का आतंक इन दिनों लगातार बढ़ते जा रहा है। होली से लेकर अभी तक चार लोगों को गंभीर रूप से कटकर घायल कर दिया है जिसमें बिरसा सोनी जिसे काटकर बंदरों ने गंभीर रूप से घायल के 51 टांके लगे है।वन विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे एसडीओ और उत्तर वन परिक्षेत्र के अधिकारी किसी का फोन नहीं उठाते।

**अरविंद सोनी, सतपुड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष सारनी**

---

## शौचालय की टंकी में नहीं पहुंच रहा पानी, कचरा गाड़ी बनी कबाड़

**बैतूल-भैंसदेही।** विकासखंड भैंसदेही की ग्राम पंचायत मच्छी को ग्रामीणों की सुविधाओं की कोई भी चिंता नहीं है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम चिचोलीढाना के सुलभ शौचालय में पानी की भी सुविधा नहीं है। ग्रामीण क्रिशना वागद्रे सहित अन्य ग्रामीणों बताते है कि ग्राम पंचायत का स्वच्छता की ओर कोई ध्यान है और न ही उन्हें ग्रामीणों को हो रही असुविधा से कोई लेना देना है। जनपद पंचायत भैंसदेही ने ग्राम पंचायत को स्वच्छता अभियान निरंतर शुरू रखने कचरा वाहन भी दिया। लेकिन ग्राम पंचायत के लापरवाही से कचरा वाहन पंचायत भवन के पीछे कबाड बना पडा है।



इधर महारपानी गांव के बब्बू धुर्वे सहित अन्य ग्रामीणों ने भी बताया कि परतवाड़ा मार्ग से महारपानी पहुंच मार्ग पर बना यात्री प्रतीक्षालय खंडहर बन गयाए लेकिन ग्राम पंचायत का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ग्राम पंचायत में रोजगार मूलक कार्य भी बंद है जिससे ग्रामीण महाराष्ट्र में रोजगार के लिए पलायन कर रहे है। जगह.जगह गंदगी के अंबार लगे है। लगता इस पंचायत में कोई भी जिम्मेदार नहीं है।

यूथ आइकॉन अभिलाषा बाथरी ने मतदान के लिए दिलाई शपथ

## मेघनाथ मेले में मतदाता जागरूकता रैली निकाली


**बैतूल।** जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में चुनाव का पर्व देश का पर्व के तहत नगर पालिका परिषद बैतूल ने अंबेडकर वार्ड मेघनाथ चौक पर मेघनाथ आयोजन समिति द्वारा आयोजित मेले में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। लोकसभा निर्वाचन 2024 की स्वीप जिला यूथ आइकॉन अभिलाषा बाथरी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताए व्यापारियोंए मेले में उपस्थित नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाईए और कहा कि चुनाव का पर्व हमारे देश का पर्व है। मतदान के लिए सभी 26 अप्रैल को मतदान करने अवश्य जाए। वोट का दानए लोकतंत्र की पहचान हैए मतदान अवश्य करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता कनोजे एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने कहा कि जन.जन की पुकार है वोट देना हमारा अधिकार है। मेले में उपस्थित व्यापारियों एवं नागरिकों ने भी कहा कि हम मतदान अवश्य करेंगे।




---

भैंसदेही और महाराष्ट्र पुलिस की कार्रवाई

## 2 लाख 25 हजार का महुआ लहान नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

लोकसभा की आचार संहिता में पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई कर रही है। भैंसदेही थाना पुलिस और महाराष्ट्र के सिरजगांव थाना पुलिस ने अवैध शराब के अड्डे पर दबिश देकर भारी मात्रा में महुआ लहान जब्त कियाए जिसे नष्ट किया गया। भैंसदेही थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध कच्ची महुआ शराब की बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार की सुबह ग्राम खोमई की नदी में अवैध कच्ची शराब बनाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश दी। दबिश के दौरान 28 ब्लेंडरए 14 कट्टी और 8 ड्रमों में महुआ लहान भरा हुआ मिला है। इस महुआ लहान की जब्ती बनाकर उसे नष्ट कर दिया है। नष्ट किए गए महुआ लहान की कीमत 2 लाख 25 हजार आंकी गई है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब बनाने वाले के खिलाफ आने वाले दिनों में भी सत्त कार्रवाई जारी रहेंगी। जहां भी पुलिस को अवैध शराब की जानकारियां मिल रही है। वहां पुलिस कार्रवाई कर रही है। भैंसदेही क्षेत्र के खोमई नदी में जब्त किए गए महुआ लहान के कार्रवाई में भैंसदेही थाना प्रभारी अंजना धुर्वेए सहायक उपनिरीक्षक अवधेश वर्माए अजय भाटए प्रधान आरक्षक छोटेलालए आरक्षक नारायण जाटए मनोज इवनेए सुनील इवने एवं सिरजगांव महाराष्ट्र पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

मंगलवार को अपने घर में लगाई थी फांसी, जांच में जुटी पुलिस

## फांसी के फंदे पर झूला डब्ल्यूसीएल का कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की तवा वन खदान में काम करने वाले 35 वर्षीया कर्मचारि ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। यह घटना मंगलवार की बताई जा रही है मंगलवार को पुलिस के माध्यम से देर शाम को मृतक के शल को फंदे से उतरकर बुधवार को इसका पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है डब्ल्यूसीएल के कर्मचारी के माध्यम से फांसी के फंदे पर झूमकर आत्महत्या क्यों की गई है इस मामले का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पाथाखेड़ा क्षेत्र में लगातार फांसी लगाकर आत्महत्या करने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है जो चिंता का विषय बना हुआ है हालांकि कॉलोनी के रहने वाले लोगों के माध्यम से दबी जुबान पर कहा जा रहा है कि डब्ल्यूसीएल के इस कर्मचारी के माध्यम से शराब का सेवन सबसे ज्यादा मात्रा में किया जाता था संभवतः शराब के नशे में होने की वजह से फांसी के फंदे पर यहां झूल गया होगा हालांकि मामला जो भी हो लेकिन इस मामले में पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से में मर्ग कायम करके इस मामले की जांच में जुट गए जांच के बाद ही यह खुलासा हो पाएगा कि डब्ल्यूसीएल के कर्मचारियों ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या क्यों की है।



### जांच जारी है

डब्ल्यूसीएल के तवा वन खदान में काम करने वाले 35 वर्षी रमेश पिता गुल्या ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है इस मामले में मर्ग कायम करके विवेचना की जारी है। कर्मचारियों के माध्यम से क्यों फांसी लगाई गई इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है बुधवार को शाम 5 बजे शव का पोस्टमार्टम करा के शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**दिलीप यादव, पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी**

---

## चुनाव को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**भैंसदेही।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। यह प्रखंड महाराष्ट्र राज्य की सीमा से सटा होने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा दृष्टि से सीमावर्ती स्थान पर चेक पोस्ट बनाने के साथ साथ आम सभा के लिए स्थान चयन, हेलीपैड के लिए स्थान चयन की तैयारी पूरी कर ली है।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनीता पटेल ने बताया कि चुनाव को लेकर सारी आवश्यक तैयारीयो की समीक्षा की जा रही है। कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी प्रारंभ है तथा चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु तैयारी प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि वाहनों की जांच हेतु महाराष्ट्र सीमा पर जनोंना बैरियर, दूसरी सीमा पर बड़गांव जोड़ पुलिस विभाग, कुकरू, हीरादेही, मोहदा एवं झाकस (पुलिस बल) चौकी का निर्माण किया गया है एवं जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं राजनीतिक दलों की आमसभा हेतु भैंसदेही नगर के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम एवं गांधीधाम बाजार चौक, गुदगांव चौपाटी, झल्लार में दुर्गा माता मंदिर चौक, आठनेर में बाजार चौक तथा भीमपुर में पुलिस ग्राउंड नियत किया गया है। जहां आम सभा की अनुमति रहेगी वही हेलीपैड हेतु अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम भैसदेही, आठनेर में नारायणराव बालाजीराव स्टेडियम ग्राम पंचायत गुनखेड तथा भीमपुर में पुलिस ग्राउंड नियत किया गया है।

---

नाले में गाय-भैंस का गोबर और भूसा फेंका जा रहा

## शोभापुर कॉलोनी में फिर घटित हो सकती है आगजनी की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

शोभापुर कॉलोनी भारतीय स्टेट बैंक के सामने एक बार फिर आगजनी की घटना होने से नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व भारतीय स्टेट बैंक के सामने उस्मान खान और उसके एक साथी के माध्यम से विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन करते हुए दुकान में पेट्रोल बेचने के अलावा घरेलू गैस सिलेंडर से कार में गैस भरने का काम किया जाता था जिसकी वजह से आग जानी की घटना हुई थी। इस मामले में पाथाखेड़ा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला भी पंजीबद्व किया था अब बताया जाता है कि जीवन मिर्धा के दुकान के पीछे गाय भैंस का गोबर और घास भूसा फेंका जा रहा है और गर्मी के मौसम में इससे आग लगने की संभावना से नजर अंदाज नहीं किया जा सकता यदि यह नाले के पास एकत्रित हुए गोबर और घास में आग लगी तो कई घर जलकर खाक हो जाएंगे क्योंकि इस स्थान पर एकदम करीब-करीब में कई मकान है और बड़ा हादसा होने से नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है व्यापारियों के माध्यम से नगर पालिका परिषद सारनी में इसकी लिखित शिकायत करके नाले में गोबर घास फेंकने वाले के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करेंगे ताकि व्यापारियों में भय का माहौल उत्पन्न ना हो सके।




---

## डूब क्षेत्र से प्रभावित 83 परिवारों का 30 साल बाद भी नहीं हुआ विस्थापन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बांध की वजह से विस्थापित होने वाले लोग दशकों बाद भी उसकी टीस से उबर नहीं पा रहे हैं। वर्ष 1991 में मुलताई स्थित चंदोरा डेम फूटने के बाद जमीन छोड़नेए पुनर्वास आदि की कहानियों को शुरू हुए तीन दशक पूरा हो गया है। इससे प्रभावित 83 परिवारों का आज तक विस्थापन नहीं हो सका है।

इनके हालात देखकर जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाडे ने मंगलवार 26 मार्च को एसडीएम मुलताई को ज्ञापन सौंपकर नवीन बोरगॉव में 1000.1000 वर्ग मीटर के भूखंड आवंटित कर विस्थापन में मदद करने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि पारसडोह परियोजना से प्रभावित एक अन्य गांव हेटी तहसील मुलताई में 83 परिवार ऐसे है जो बोरगॉव के मूलनिवासी थेए लेकिन वर्ष 1991 में चंदोरा जलाशय के फुट जाने से उनके मकान बाढ़ में बह गए थे। उस दौरान बाढ़ पीड़ित परिवार ग्राम हेटी में स्थित अपने अपने खेतों में आकर मकान बनाकर रहने लगे थे।



### डूब क्षेत्र से प्रभावित 83 परिवारों का 30 साल बाद भी नहीं हुआ विस्थापन

वर्तमान में नवनिर्मित पारसडोह जलाशय से तीन दिशाओं से घिर कर चौथी दिशा में नदी का बहाव होने के कारण यह क्षेत्र डूब क्षेत्र से प्रभावित हो चुका है जिसके विस्थापन के संबंध में जल संसाधन विभाग वल्लभ भवन द्वारा वर्ष 2021 में 16 जून को नवीन बोरगॉव में 83 परिवारों के लिये प्लाट आवंटन के संबंध में आदेश जारी किया थाए लेकिन आज तक प्लॉट आवंटन नहीं किया गया। जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाडे ने पारसडोह जलाशय के डूब क्षेत्र में आने वाले मुलताई तहसील के ग्राम हेटी ;बोरगांवद्ध के ग्रामीणों के मकानों के विस्थापन की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी मुलताई से मुलाकात की। साथ में किसान नेता मकरध्वज सूर्यवंशी एवं ग्राम पंचायत हिवरखेड की उपसरपंच मीना गव्हाडे व ग्रामीण उपस्थित रहे। एसडीएम को उन्होंने बताया कि हेटी के 83 परिवार हैं। जिनको नवीन बोरगाव में निवास के लिये एक-एक हजार वर्ग मीटर के भूखंड आवंटित करना था, लेकिन अभी तक नहीं किए। जल संसाधन विभाग द्वारा पारित आदेश का भी पालन नहीं किया जा रहा। इस दौरान सालबर्डी ग्राम के दीपक माडिकरए सतीश लिललोरे, गोलू अमरुते ने जिला पंचायत सदस्य की उपस्थिति में अंबेडकर जयंती पर रैली निकालने के लिए अनुमति मांगी एसडीएम में इस संबंध में अनुमति प्रदान की।

### हनुमान धाम मंदिर में 5 क्विंटल फूलों की होली खेली गई, फाग गीतों पर झूमे श्रद्धालु

# राधा कृष्ण बने कलाकारों ने बरसाए फूल, आनंद उमंग में झूम उठे श्रद्धालु

सामप्रादिक सद्भाव व संस्कृति का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हुरियारों ने राधा कृष्ण की भूमिका में एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर होली का त्यौहार आनंदपूर्वक मनाया। वहीं फाग गीतों का उपस्थित दर्शकों ने आनंद लिया। वहीं कलाकारों ने बरसाने की होली का आकर्षक मंचन कर लोगों का मनमोह लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर के श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र हनुमान धाम मंदिर पीपल मोहल्ला में मंगलवार रात फूलों की होली खेली गई। शाम से मंदिर में शुरू हुआ फाग उत्सव देर रात तक चला, जहां चारों ओर रंग-बिरंगे फूलों की पंखुड़ियों ओर आनंद उमंग के रस में श्रद्धालु सराबोर हो गए। पिछले 20 सालों से हर साल होली के दूसरे दिन हनुमान धाम में होली महोत्सव मनाया जाता है। शाम होते ही मंदिर में फाग गीतों की धूम रही। मंच पर कृष्ण और राधा बनकर आए कलाकारों ने मथुरा की होली का जीवंत मंचन करते हुए चारों ओर खड़े श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की। कलाकारों ने भक्तों पर फूलों की वर्षा करते हुए सभी को होली के रंग में सराबोर कर दिया। समिति सदस्य लखन बैस ने बताया कि गुलाब, सेवंती, गेंदा समेत करीब 5 क्विंटल फूलों से होली उत्सव मनाया गया। राधा कृष्ण की फूलों वाली होली का मंचन किया गया। मंदिर परिसर में होली उत्सव मनाने के लिए पूरा हाल खचाखच नजर आया। भक्तों ने यहां राधा कृष्ण के साथ होली खेलने का आनंद लिया। मंच पर राधा कृष्ण बने कलाकारों पर मंदिर समिति ने फूलों की वर्षा करते हुए जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर गायक अमन प्रजापति, पं. नरेन्द्र तिवारी, नारायण तिवारी ने जमकर फाग गीत गए। देर रात तक मंदिर में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर होली उत्सव का आनंद उठाया। होली उत्सव को लेकर पूरे मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। मंगलवार होने की वजह से यहां रामभक्त हनुमान के दर्शनों को भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी पर भी पुष्पवर्षा कर होली पर आर्शीवाद लेकर सुख समृद्धि की कामना की। हर साल होली के दूसरे दिन मंदिर समिति यहां फूलों की होली का आयोजन करती है, जिसमें शहर भर से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंदिर समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## यूवा हिंदु वाहिनी ने मुस्कान संस्था में मनाई होली




**इटारसी।** राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होली का उत्सव मनाया। रंगों का पर्व होली इस बार मुस्कान संस्था बालिका ग्रह मे मनाया एवं बेटियों को वस्त्र भेंट किए। साथ ही समोसे, चिप्स, मैंगो, फ्रूटी के साथ-साथ इस होली मिलन समारोह में सभी ने नृत्य किया। रंग गुलाल के साथ रंगारंग कार्यक्रम का लुफ्त भी उठाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अर्चना मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष चांदनी शुक्ला, महासचिव साधना मालवीय, ज्योति त्रिवेदी, ज्योति तोमर, ममता मालवी, सविता शर्मा, अनु सिंह, सपना चौहान, सचिन मोदीजी, उर्मिला ढाकरे एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

# निजी वाहनों से पचमढ़ी पांइट्स भ्रमण पर टैक्सी कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पिछले कुछ समय से पचमढ़ी का टैक्सी कल्याण संघ मांग कर रहा है की निजी वाहनों से पचमढ़ी भ्रमण पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। आमतौर पर होता यहआ रहा है कि पचमढ़ी आने वाले पर्यटक पहले बायसन लॉज पहुंचकर जिप्सी बुक करते हैं तत्पश्चात वह पचमढ़ी के पैड एवं अनपेड पॉइंट्स का भ्रमण करते हैं। टैक्सी कल्याण संघ से जुड़े लोगों का कहना है मुख्य तौर पर वह गाड़ियां जो पिपरिया पचमढ़ी सवारियां लेकर आती हैं वह सावरिया पचमढ़ी लाने के बाद उन्हें नॉन एंट्री पॉइंट भी घुमाती हैं जिस पर संघ का सबसे बड़ा ऐतराज है।

### क्या है मांग

टैक्सी कल्याण संघ द्वारा मांग की जा रही है कि वह वाहन जो पचमढ़ी जिप्सी रोस्टर में बुक नहीं है और वह प्राइवेट नंबर प्लेट कि भी हैं।

उनके द्वारा पचमढ़ी भ्रमण पर पूरी तरह रोक लगाई जानी चाहिए। टैक्सी कल्याण संघ अध्यक्ष मोनू अग्रवाल ने बताया कि हमने निजी वाहन से किया जा रहे पर्यटन भ्रमण पर एतराज करते हुए ज्ञापन दिया है। हमारा कहना साफ है कि पचमढ़ी के वाहन टैक्सी परमिट के हैं एवं आरटीओ के साथ टैक्सी से जुड़े अन्य विभागों को संबंधित फीस देते हैं। और जो वाहन निजी है वह पचमढ़ी आकर पर्यटकों को पचमढ़ी भ्रमण करा रहे हैं जो सरासर गलत है।

## कॉलेज में सतत जीवनशैली विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नर्मदापुरम।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में "सतत जीवनशैली- स्थलीय एवं जलीय जैव विविधता संरक्षण" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संघटन द्वारा प्रायोजित कार्यशाला का शुभारम्भ माँ सरस्वती की पूजा अर्चन कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे द्वारा स्वागत भाषण में बताया गया कि हमें अपनी जीवनशैली सादी रखनी चाहिए, प्रकृति से जुड़े रहना आवश्यक हैं जैसे हमारे देश में भाषा, पहनावे, बोलचाल के आधार पर विविधता है उसी प्रकार पृथ्वी पर जीवों और वनस्पतियों की विभिन्न प्रजातियां पाई जाती है जिसमें से कई प्रजातियाँ विलुप्ति की कगार पर है, आज की यह कार्यशाला जागरूकता का एक प्रयास है । शा. गृह विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कामिनी जैन मैडम ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यशाला में शामिल होकर महाविद्यालय के इस सराहनीय प्रयास पर शुभकामनाएँ प्रेषित की और बताया की यह विषय आज के परिपेक्ष में जागरूकता का प्रमुख आयाम है । शा. कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा के प्राचार्य डॉ. आरके रघुवंशी ने बताया कि जैसे धर्मग्रंथों में 84 लाख योनियों के बारे में बताया गया है उसी प्रकार वनस्पति तथा जीवों में भी विभिन्न प्रजातियाँ पाई जाती है, पहले के लोग पहाड़ों, नदियों, जंगलों की पूजा करते थे उसकी रक्षा करते थे परन्तु आज मानव आधुनिकता की दौड़ में प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन तथा दुरूपयोग कर रहा है आजकल की भाग दौड़ भरी जीवनचर्या में मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है।

# पुरातन परंपराओं का निर्वहन करते हुए ग्रामीणों ने किया फाग गीतों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आंचलखेड़ा

रिवाजों के चलते लोग पुरानी परंपराओं को भूलते जा रहे हैं। हलांकि आज भी कई क्षेत्रों में परंपराएं जीवित है ,समाजो में पूर्वजों के जमाने से चली आ रही परंपरा लोगों जीवित रखी है। ऐसी ही प्रथा माखननगर विकासखंड के ग्राम मनवाड़ा में देखने को मिली यहां गामीणजनो ने गांव में यह प्रथा आज जीवित रखी है बताया जाता है कि यहां यह प्रथा अंग्रेज शासन काल के पहले से चली आ रही है। ग्रामीणजन आज भी इस प्रथा को जारी रखी है। दरअसल प्रतिवर्ष होली पर्व के मौके पर होली के दिन शाम को ग्रामीणजनो एवं गांव के वरिष्ठजनो की उपस्थिति में



आदिवासी सौर समाज के देवता मेघनाथ जोहर (खड़ेरा बाबा) की पूजन अर्चन करते हैं। फाग गीतों पर नाच गाना करते हैं। शाम के ही समय यहां जतरा लगता है बाहर शहरों से यहां मिठाई,मनहारी आदि की दुकानें भी लगाई जाती है वहीं होली की शाम को झंडा तोड़ने की प्रथा शुरू होती है इसमें जो भी झंडा तोड़ता है, उसे पुरस्कार दिया जाता है। यहां चौक में लगभग 50 फीट ऊंचाई की गोल लकडी गड़ाई गई है। उसके आखरी ऊपरी छोर पर एक झंडा बांधा जाता है। जो भी झंडा तोड़कर लाता है उसे पुरस्कार दिया जाता है। इसमें युवाओं की टोलियां हिस्सा लेती हैं। इसे देखने के लिए आसपास व दूरदराज से लोग आते हैं। मनवाड़ा के कुछ बुजुर्ग नागरिकों ने बताया कि यह प्रथा, रिती, रिवाज हमारे पूर्वज लोगों के जमाने से चली आ रही है। अंग्रेज शासन काल में भी ये प्रथा मनाई जाती थी। आज भी ये अपनी परंपरा निभा रहे हैं।

# दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता घर से करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दिव्यांग एवं 85 बस से अधिक आयु के मतदाताओं को उनके घर से डाक मत पत्र द्वारा मतदान करने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की गई है इसी के संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारी सिवनीमालवा श्रीमती सरोज सिंह परिहार की अध्यक्षता में सरदार वल्लभभाई पटेल मांगलिक भवन सिवनी मालवा में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में नोडल अधिकारी डाक मत पत्र एवं तहसीलदार डोलरिया अनिल पटेल के द्वारा बीएलओ एवं समस्त सेक्टर सुपरवाइजरो को बताया गया कि घर से मतदान करने वाले मतदाताओं को प्रारूप 12 घ एवं ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र पर आकर अपने मत का उपयोग करने मे समर्थ है उनकी पावती 1 अप्रैल 2024 तक डाकमत पत्र शाखा तहसील कार्यालय सिवनी मालवा में जमा करावे, तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा बताया गया कि आयोग द्वारा दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए जो सुविधा प्रदान की गई है सभी बीएलओ इस कार्य को निष्ठा पूर्वक करें इस विधानसभा में 3975 मतदाता पंजीकृत है इतने की ही पावती जमा करना अनिवार्य है सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा बताया गया कि पिछले विधानसभा निर्वाचन में भी यह कार्य बीएलओ द्वारा किया गया है।

# पेड़ पर लटका मिला शव पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम पंचायत मेहरागांव अंतर्गत नयायार्ड इंदिरा नगर के पास जयभीम नगर में स्थित एक खेत में एक व्यक्ति पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला है। उसके फांसी लगाकर आत्महत्या करने की संभावना जतायी जा रही है। हालांकि ऐसा क्यों किया यह फिलहाल पता नहीं चल सका है। सूचना मिलने पर पथरोटा पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण की। थाना प्रभारी संजीव पंवार और कांस्टेबल नीरज राठौर घटना स्थल पर पहुंचे और मौका ए मुआयना किया। मृतक की पहचान मुकेश भेरुआ के रूप में हुई है, जो ग्राम पंचायत मेहरागांव के



पूर्व जनपद सदस्य के चाचा हैं। पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार ने बताया कि मृतक की उम्र 50 वर्ष के आसपास है, वे अकेले रहते थे और अपने भतीजों की रेलवे स्कूल स्थित केंटीन में काम करते थे। खाना वगैरह भतीजों के घर ही खाते थे। घटना स्थल पर पेड़ के नीचे तंबाकू की डिब्बी, चप्पल मिली और पेड़ पर चढऩे के निशान भी मिले हैं।

### अधिक मतदान के लिए दिया जागरूकता का संदेश

**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिलारी में लोकसभा चुनाव 2024 को मध्य नजर रखते हुए आगामी 26 अप्रैल को मतदान होना है जिसमें मतदाताओं का एक से अधिक मतदान होना चाहिए इस बात को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन लगातार लगा हुआ है। राजा पटेल पत्रकार ने बताया कि ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी भवन में स्वीप मतदान बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि ग्राम की महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान का उपयोग करने के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें समझाएं की गई कि गांव के बाहर महिलाएं जिनके नाम वोटर लिस्ट में है। उनको मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया मंगल दिवस पर दो बच्चों का जन्म दिवस भी मनाया गया।

# गौर पूर्णिमा महोत्सव में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



सोमवार को गौर पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कीर्तन, प्रवचन और बहुत सुंदर भगवान की नाट्य प्रस्तुति हुई जिससे माखन नगर वासियों ने इस आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाया यहां विशेष आकर्षण रहे भोपाल इस्कॉन मंदिर से आए नयनाभिरामदास गौर, पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन माहेश्वरी फार्म हाउस कुठारिया में किया गया। जिसमें 56 भोग आरती प्रवचन नाटक (गौर लीला मंचन किया गया कार्यक्रम के समापन पर सभी के लिए महा प्रसाद वितरण हुआ। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनाअमृत संघ द्वारा आयोजित था गौर पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी नगर के गणमान्य नागरिक एवं संस्था के सदस्य और भक्तजन उपस्थित रहे।

# 24 वर्षीय युवक घर में मृत अवस्था में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मंगलवार को नसीराबाद में 24 वर्षीय युवक नितेश अहिरवार मृत अवस्था में घर में मिला घर के लोग चना काटने मजदूरी करने गए थे। शाम को 7 बजे जब आए तो नितेश मृत अवस्था में मिला उसके गले में रुमाल का फंदा लगा हुआ था मृतक के पिता ने बताया नितेश अभिषेक फैक्ट्री में काम करता था कहीं एक लड़का और एक लड़की भी काम करते थे 8-10 दिन पहले उनसे कुछ विवाद हो गया था होली पर घर आया था यह लोग उसे पैसे की मांग कर रहे थे। बुधवार को सुबह पुलिस मौके पर पहुंची शव का पंचनामा बनाया और पोस्टमार्टम कराने माखन नगर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर रमेश ने बताया लगभग 24 घंटे पहले दम घुटने से मृत्यु हुई है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। आगे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता लगाया जाएगा।

# मां नर्मदा स्कूल में रिजल्ट के बाद बच्चों को मिले प्रमाण पत्र और मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




गोंची तरोंदा रोड स्थित मेहरा गांव के मां नर्मदा स्कूल में समस्त अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों के रिजल्ट घोषित किया और उनको प्रमाण पत्र और मैडल प्रदान किये। स्कूल संचालक अनीता अग्रवाल एवं कृति अग्रवाल ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर वार्षिक गतिविधियों का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। शिक्षिका सलोनी वर्मा और श्रीमती प्रीति झंझोट ने संचालन करते हुए विद्यालय का कक्षावार वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। अनीता एवं कृति अग्रवाल ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को मैडल एवं सर्टिफिकेट के माध्यम से पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कृति अग्रवाल ने अभिभावकों एवं छात्रों का आभार प्रकट करते हुए छात्रों को अगली कक्षा में उन्नति होने पर बधाई दी।

### लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली पेड न्यूज पर मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक

# निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाएगा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में मीडिया प्रतिनिधियों की पेड न्यूज के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा पेड न्यूज संबंधी बारीकियों के बारे में विस्तार से मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कलेक्टर ने कहा है कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मीडिया निर्वाचन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है। समस्त मीडिया प्रतिनिधि फेक न्यूज़ के संबंध में जागरूक रहे। सही पक्ष को लोगों तक पहुंचने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कलेक्टर कार्यालय में स्थित मॉनिटरिंग सेल संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पेड न्यूज की निगरानी के लिए सतत रूप से 24 घंटे कार्यरत है। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार के विज्ञापन का पूर्व प्रमाणन प्राप्त करना आवश्यक है। बिना अनुमति के ऐसे विज्ञापनों के संबंध में अभ्यर्थी को नोटिस प्रदान किया जाएगा। निर्धारित समय के भीतर अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त उत्तर संतोषजनक होने पर पेट न्यूज़ का प्रकरण निराकृत माना जाएगा अन्यथा उत्तर असंतोषजनक पाए जाने पर तथा जांच करने पर सही पाए जाने पर पेड न्यूज़ का खर्च अभ्यर्थी के व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।

नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर ने बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी मीडिया में नकद या किसी अन्य कीमत पर प्रतिफल के रूप में प्रदर्शित होने वाली कोई भी खबर या विश्लेषण पेड न्यूज है। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रेस परिषद द्वारा दी गई पेड न्यूज की परिभाषा को भारत निर्वाचन आयोग ने स्वीकार किया और माना कि 'पेड न्यूज' चुनाव में समान अवसर को बिगाड़ती है। प्रतिकूल प्रभाव डालती है, चुनाव व्यय कानूनों का उल्लंघन करती है। मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव डालती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा उत्पन्न करती है। पेड न्यूज जनता को गुमराह करती है। लोगों की सही राय बनाने की क्षमता को बाधित करती है।

इससे मतदाताओं पर अनुचित प्रभाव पड़ता है और इसे उनके सूचना के अधिकार के उल्लंघन के रूप में भी देखा जाता है। पेड न्यूज सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और पार्टियों के लिए समान अवसर को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। आयोग को चुनावी प्रक्रिया के दौरान जमीनी स्तर पर पेड न्यूज की समस्या का अनुभव हुआ है। राजनीतिक दलों और मीडिया समूहों ने भी संपर्क कर आयोग से पेड न्यूज के खिलाफ कड़े कदम उठाने का अनुरोध किया। अपनी सतर्कता को मजबूत करने के लिए आयोग ने पेड न्यूज और अन्य उल्लंघनों के लिए मीडिया की निगरानी के लिए जिला स्तर और राज्य स्तर पर एक मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति की स्थापना की है। जिसमें रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का अधिकारी, पत्रकार या स्वतंत्र नागरिक तथा डीपीआरओ/ डी ई ओ/ या समकक्ष कोई अधिकारी समिति के सदस्य होते हैं। श्री दुबे ने पेड न्यूज/विज्ञापन एवं समाचार के बीच में अंतर बताते हुए बताया कि विज्ञापन में डिस्क्लेमर्स होंगे, क्रेडिट लाइन नहीं होती, डिफरेंट फ़ॉन्ट्स, बढ़ावा देने के लिए होते हैं। समाचार में डिस्क्लेमर नहीं होते, डिफरेंट फोंट्स में क्रेडिट लाइन होती है, सामान्यतः टाइपफेस फ़ोन होते है, समाचार सामान्यतःः सूचना देने के लिए होते है।

# पैदल रैली निकालकर किया मतदाताओं को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की पचमढ़ी स्थित इकाइयों ने पचमढ़ी में पैदल रैली निकालकर म त दा ता जागरूकता का संदेश दिया। मप्र पर्यटन विकास निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पचमढ़ी नगर में पैदल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान करने हेतु संदेश दिया।

जागरूकता रैली होटल हाइलैंड से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो में भ्रमण करती हुई क्षेत्रीय कार्यालय होटल अमलतास में रैली का समापन किया गया। मप्र पर्यटन क्षेत्रीय प्रबंधक एयू खान, एचएस दंडोतिया, नितिन कटारे, अनिल राय, आशीष गुप्ता एवं इकाइयों के समस्त कर्मचारी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मियों ने उड़ाया रंग गुलाल

**हरदा।** होली के अगले दिन मंगलवार को पुलिसकर्मी रंगों में सराबोर दिखाई दिए। अधिकारी हो या कर्मचारी सभी ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया। पुलिसकर्मियों ने डीजे और ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि एसपी अभिनय चौकसे ने होली शांतिपूर्ण मने, इसके लिए सभी पुलिसकर्मियों को 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा था। ड्यूटी के अगले दिन पुलिसकर्मी होली मिलन समारोह मन रहे हैं। थाना परिसर एवं पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देकर जश्न मनाया। सोमवार को जहां पूरे शहर के लोग रंग गुलाल खेलने में व्यस्त थे। वहीं, पुलिस के जवान इस दौरान व्यवस्था बना रहे थे। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस जवान पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करते दिखाई दिए। इन लोगों ने हुड़दंग मचाने वालों को कंट्रोल किया। होली मनाने पहुंचे जवान होली सॉन्ग ‛रंग बरसे', होरी खेले रघुवीरा अवध में होरी खेले रघुवीरा, होली आई रे होली आई आदि गानों पर जमकर थिरकते नजर आए। इनके ऊपर फायर ब्रिगेड की वॉटर केनन से पानी की बौछार की गई है, जिसके बाद माहौल और भी होली व रंग का हो गया था।

### आज से कृषि मंडी में 6 दिन बंद रहेगी खरीदी

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मण्डी समिति हरदा ने बताया कि 28 मार्च से 2 अप्रैल तक कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में घोष विक्रय बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि 28 मार्च लेखा बंदी, 29 मार्च को गुड फ्रायडे, 30 मार्च को रंगपंचमी, 31 मार्च को रविवार, 1 अप्रैल को बैंक क्लोजिंग तथा 2 अप्रैल को नववर्ष मुहुर्त नहीं होने के कारण मण्डी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का घोष विक्रय बंद रहेगा। उन्होने किसानों से अनुरोध किया है कि वे 28 मार्च से 2 तक अपनी कृषि उपज मण्डी प्रांगण में विक्रय के लिये नहीं लावें। उन्होने बताया कि 3 अप्रैल को शुभ मुहुर्त 11 बजे से नीलामी कार्य प्रारम्भ होगा।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने दी जान

**रहटगांव।** नगर के एक 38 वर्षीय युवक ने बुधवार दोपहर को अज्ञात कारणों से सल्फॉस खाकर जान दे दी। रहटगांव में रहने वाले राजेश पिता वर्मा प्रजापति उम्र 38 साल ने सुबह अपने घर पर आकर सल्फॉस खाली तबीयत बिड़गने के बाद परिजनों ने उसे तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र रहटगांव लेकर गए। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक ग्राम झाड़पा में ईंट बनाने का काम करता था। बुधवार सुबह ही वहां से अपने घर आया था। जिसके बाद उसने सल्फॉस खा लिया। दोपहर एक बजे उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के करीब एक घण्टे बाद ढाई बजे के आसपास उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक के दो बेटे हैं। फिलहाल शव को मर्चुरी में रखा गया है। परिजनों के आने पर शव का पीएम किया जाएगा। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं।

## महादेव की होली के बाद समाप्त हो गई सालो से चली आ रही नवाबी होली की प्रथा

# काशी, मथुरा और बरसाने की तर्ज पर खेली महादेव की होली, भक्तों ने उड़ाया अबीर-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी होली के दूसरे दिन देश भर में प्रसिद्ध पांच दिवसीय महादेव की होली की धूम सीहोर शहर में देखने को मिली, वर्षों से चली आ रही नवाबी होली की जड़ों को समाप्त करने हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से आए आस्थावन श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ होली खेली और अबीर-गुलाल के उड़ते बादलों से अंबर रंगीन हो गया और सड़कों पर गुलाल जमा रहा। देश के पर्व और परम्पराओं में उत्साह का संचार करने के लिए सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने वाले धरती पुत्र भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश के बाद एक बार फिर से होली का उत्साह देखने को मिला है और शहर के महादेव मंदिरों में जमकर होली खेली। अब आगामी 29 मार्च को आष्टा में होली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मंगलवार को विठलेश सेवा समिति नगर इकाई के द्वारा महादेव की होली के लिए शहर के मुकेरी लाइन स्थित कार्नर पर करीब 40 फीट लबाई का मंच बनाया गया था, इस मौके पर चल समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए हजारों की संख्या में इलाइची की ठडांई की बोतल का इंतजाम के अलावा एक क्विंटल गुलाब के फूलों की पंखडी, अबीर और गुलाल का इंतजाम किया गया। वहीं शहर के नगर पालिका के समीपस्थ चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर पर दूध की ठडांई के अलावा छावनी स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर और नव ज्योति संगठन के सहयोग से नाश्ते का इंतजाम किया गया था। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार की सुबह हर साल की तरह इस साल भी नदी चौराहा नगर पालिका परिसर स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर से महादेव की होली का जुलूस नगर में धूमधाम से ढोल-नगाडों एवं डीजे की धुनों के मध्य निकाला गया। भव्य चल समारोह में शिव भक्त नाचते-गाते एवं रंग-गुलाल उड़ाते चल रहे थे।

### भगवान शिव को केसरिया जल अर्पित किया



सुबह चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने सैकड़ों भक्तों के मध्य भगवान शिव को चंदन और केसर से युक्त एक लोटा जल अर्पित किया और उसके पश्चात नगर के अनेक शिव मंदिर पहुंचे। इसके बाद महादेव की होली का भव्य जुलूस शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए तहसील चौराहे स्थित महादेव मंदिर पहुंचा। जुलूस के दौरान हुरियारे डीजे, ढोल-नगाड़ों और बैंड बाजों की थाप पर नाचते गाते चल रहे थे।

### आधुनिक मशीनों से उड़ाया अबीर-गुलाल

विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला द्वारा महादेव की होली के लिए वाहनों पर चार से अधिक आधुनिक मशीनों का इंतजाम किया गया था, करीब दो हजार से अधिक अबीर, गुलाल और फूलों को मशीन में डालकर आस्थावन श्रद्धालुओं पर बरसाया गया। हर तरफ अबीर गुलाल ही उड़ता हुआ दिखाई दिया, बाबा के भक्त अबीर गुलाल में रंगे नजर आए, महिलाओं ने होली के दौरान फूल और गुलाल-अबीर बरसाकर उन्हें होली के रस से सराबोर कर दिया। महादेव की होली में गुलाल और अबीर उड़ाने के लिए मशीन के अलावा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और जबलपुर के अघोरियों की टीम शामिल हुई है। इसके अलावा झांकियां और झाबुआ आदि के नृत्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं दो ट्राली संतरे, केले आदि से स्वागत किया गया। महादेव की होली से पहले कहा मंदिरों की सुरक्षा जरूरी है।

# सरपंच-सचिव रिश्तेदारों के नाम बिल लगाकर खातों में राशि डालकर कर रहे शासकीय राशि का दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शासन द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए 14वे वित्त , 15 वे वित्त, 5 वें वित्त सहित मूलभूत राशि जैसे मद प्रदाय किए जाते हैं। कुछ सरपंच एवं सचिव द्वारा इस मद के पैसे को फर्जी बिल लगाकर बंदरबाट कर अपनी जेबे भरने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। ऐसा ही शासकीय राशि का बंदरबाट जिले की कसरावद ब्लॉक के ग्राम पंचायत बड़गांव में किया गया है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने करते हुए बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा बिना कराए कार्यों के फर्जी बिल सहित सामग्री क्रय में मूल्य से अधिक के फर्जी बिल स्वयं सरपंच और सचिव के रिश्तेदारों के नाम लगाकर शासकीय राशि का दुरुपयोग कर अपनी जेब गरम करने का कार्य किए है। ग्रामीणों ने चर्चा करते हुए बताया कि हमारे गांव के सरपंच का भाई मजदूरी करता है किंतु सरपंच उसके नाम से फर्जी तरीके से टेंट सामग्री लगाने के नाम पर करीब 20 हजार रूपये का बिल लगाकर भुगतान किया है। इसी प्रकार सचिव आरिफ खान ने स्वयं के रिश्तेतदारों के नाम से गांव की साफ सफाई और अन्य सामग्री के नाम पर बिल लगा रखे हैं। जबकि सचिव के रिश्तेदार यहां से 25 किलोमीटर दूर बलखड़ गांव में निवास करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तरह सीसी रोड निर्माण और अन्य कामों में दोगावा के रहने वाले लोगों के नाम से भी रेत खरीदी के बिल लगाए गए हैं। अगर वित्तीय वर्ष 2021 से लेकर अभी तक सरकारी मदों से ग्राम के विकास के लिए आई राशि की जांच शासन स्तर से कराई जाए तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आएगा।

#### आरोप गलत हैं

ग्राम के लोगों के द्वारा लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। सारे काम नियम कायदो से किए जा रहे हैं।

- कृष्णलाल भूरिया सरपंच ग्रापं. बड़गांव

#### नियमों से काम कर रहे

सरपंच के भाई के नाम से टेंट के बिल लगाने और मेरे रिश्तेदारों के नाम पर राशि निकालने की बात गलत है नियमानुसार ही सारे भुगतान किए जा रहे है।

आरिफ खान,
सचिव ग्राम पंचायत बड़गांव।

## एसपी से की शिकायत, कहा मेरी जान को है खतरा

# जामन्या सरपंच पर पत्नी ने लगाए मारपीट के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिले की गोगावा जनपद की ग्राम पंचायत जामन्या के सरपंच पर अपनी ही पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट कर घायल करने का गंभीर मामला सामने आया है। सरपंच पत्नी ने गोगावां थाने पर सुनवाई नही होने से नाराज होकर एसपी से मामले कि शिकायत कर सरपंच से खुद की जान को खतरा बताया है।

एसपी कार्यालय पहुंची सरपंच की पत्नी राधाबाई ने बताया कि उनका विवाह रामसिंग सोलंकी से हुआ है, वर्तमान में उनके पति सरपंच है। शादी के बाद से ही पति गाली. गलौच के साथ मारपीट करता है, लेकिन 26 मार्च की रात बात हद से आगे बढ़ गई। राधाबाई



ने बताया कि पति रोजाना देर रात तक घर नही लौटते, उन्हें टोकने प 26 मार्च की रात करीब 12 बजे मेरी बेरहमी से पिटाई कर दी। केबल वायर के साथ ही साइकल में हवा भरने वाले पंप से पीटा जिससे शरीर पर कई घाव हुए है। मेरी चीख सुन गांव के लोग और मेरे बच्चे भी जाग गए, लोगों ने बीचबचाव किया तो उन्हें भी मेरे पति ने धमकाया। जब गोगावां थाने गई तो वहां भी मेरी सुनवाई नही हुई। पति कहता है कि मैं सरपंच हूं पुलिस मेरा कुछ नही कर सकती। अपनी मां गौराबाई और पड़ोसी सुनीताबाई के साथ एसपी ऑफिस पहुंची महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी है, वह हमेशा अपने पास चाकू रखता है। पुलिस मामले में हस्तक्षेप कर पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें, जिससे वह खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# सिद्धनाथ महादेव के दरबार में मनाएंगे होली : उज्जैन हादसे के बाद एहतियात, नंदी हाल में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शहर के अधिष्ठाता श्री सिद्धनाथ महादेव के परिसर में गुरुवार को सुबह 10 बजे प्राकृतिक रंगों व फूलों की होली खेली जाएगी। बाबा के दरबार में होली के लिए 51 किलो विभिन्न रंगों का हर्बल गुलाल व 51 किलो फूल मंगाए गए हैं। उज्जैन में हादसे को देखते हुए सिद्धनाथ मंदिर परिसर में श्रृंगार की अन्य सामग्री व प्लास्टिक पन्नी सहित अन्य सामग्री हो हटाया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया उज्जैन में महाकाल की घटना के बाद सिद्धनाथ बाबा के दरबार में सिर्फ पुजारी व मंदिर समिति पदाधिकारी सारे भक्तों की तरफ से बाबा को सांकेतिक रूप से



प्राकृतिक गुलाल लगाएंगे। समाज अध्यक्ष नीलेश भावसार व मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज भावसार की अगुआई में सुबह 7 बजे बाबा का आकर्षक श्रृंगार होगा। उसके बाद भक्तों के दर्शन के लिए मंदिर खुलेगा। सुबह 9.30 बजे मंदिर पुजारी हरीश गोस्वामी के सान्निध्य में महाआरती होगी। उसके बाद नंदी हाल में भक्तों की ओर से होली महोत्सव मनाया जाएगा। श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर समिति व श्रृंगार मित्र मंडल आयोजन की तैयारी कर रहे है। उपाध्यक्ष राजेश भावसार व कोषाध्यक्ष गौरव भावसार ने बताया आरती के बाद भोलेनाथ की ठंडाई का वितरण किया जाएगा।

# हरदा से सिराली जा रही बस पलटी, 8 यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बुधवार दोपहर को हरदा से सिराली की ओर जा रही एक यात्री बस बेकाबू होकर पलट गई। जिसमें 8 यात्रियों को मामूली चोटें आई है। बस में सवार यात्रियों की माने तो बस में चालीस लोग सवार थे। बस ड्राइवर टाइमिंग मिलाने के चलते तेज गति से बस चला रहा था। इस दौरान बस अचानक बेकाबू होकर पलट गई। घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। वहीं आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने तत्काल घायलों को बस से बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के जवानों को मामूली घायलों को सिराली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और गम्भीर घायलों को एम्बुलेंस से



जिला अस्पताल भिजवाया। सीहोर की रहने वाली शांति बाई पति नारायण प्रसाद अपनी बेटी के घर रोलगांव जा रही थी। इस दौरान उन्हें भी चोटें आई है। सिराली थाना प्रभारी अमित भावसार ने बताया कि मामूली रूप से घायलों की प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई है। बाकी चार घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## बच्चों को पिचकारियां वितरित की

# कलेक्टर-एसपी ने दुर्घटना प्रभावित परिवारों के साथ मनाया होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह और पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे ने सोमवार को हरदा के आईटीआई कॉलेज में बैरागढ़ विस्फोट दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के लिए बनाए गए आश्रय स्थल पहुंचकर सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं, और सभी को गुलाल लगाकर उनके साथ होली मनाई। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने सभी प्रभावित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें हर संभव मदद दिलाई जाएगी। इस अवसर पर प्रभावित परिवारों के बच्चों को पिचकारियां वितरित की गई। इस अवसर पर एसडीम हरदा



कुमार सानू के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

# स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जा रहा जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए जिले में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में ग्राम राजगढ़, आरूद, पंधाना, गांधवा, पुनासा एवं पुरनी में ग्रामीणजनों को आगामी निर्वाचन में मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई। इसके अलावा लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिये 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाया जा रहा है। प्रचार वाहन लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व समझा रहा है और मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खंडवा में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत द्वारा मतदाता जागरुकता शपथ दिलाई गई। साथ ही अपने मतदान के साथ-साथ अन्य मतदाताओं को भी जागरुक करने, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। इस दौरान नर्सिंग छात्राएँ, चिकित्सक व आम नागरिक मौजूद थे।

# कलेक्टर ने कंट्रोल रूम व एमसी एमसी कक्ष का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार रात्रि को अपर कलेक्टर केआर बड़ोले के साथ खनिज कार्यालय में स्थापित एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से पेड न्यूज की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने ई-गवर्नेंस कार्यालय में स्थापित एफएसटी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कॉल कर एफएसटी टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में भी जानकारी ली। इसी तरह कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में निर्वाचन आयोग के दूरभाष क्रमांक 1950 के कॉल सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारी को निर्देश दिए कि इस पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरता के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

# मूंग के लिए नहर से छोड़ा पानी किसानों ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को तवा डेम पहुंचकर नहर उत्सव मनाया। ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की सिंचाई के लिए तवा डेम से पानी छोड़ा गया है। जो आगामी 28 मार्च तक जिले के किसानों के खेतों में नहर के माध्यम से पहुंचेगा।

मंगलवार को भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने डेम पर जल देवता का पूजन अर्चन कर क्षेत्र की समृद्धि की कामना की गई। गौरतलब है कि जिले के किसानों को गर्मी के दिनों में तीसरी फसल की पैदावार करने से करोड़ों रूपए का फायदा होगा। वहीं क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। भारतीय किसान संघ के जिला जल संसाधन विभाग प्रभारी दीपचंद नवाद ने बताया नहर एवं जल पूजन के पीछे मुख्य उद्देश्य



यह है कि आम जनता में नहरों एवं जल के प्रति सम्मान जनक भावना जगाने के लिए प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम किया जा रहा है। पानी की एक-एक बूंद का उपयोग हो और व्यर्थ बहाने वाले पानी को रोककर पेयजल एवं रवि सिंचाई के साथ अमृत तुल्य जल को बड़ी मात्रा में बचाकर ग्रीष्म कालीन मूंग फसल पैदा की जा सकती है और अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा सकता है। किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जब आते समय समस्त नहरों का निरीक्षण किया गया तो किसी भी नहर पर उचित स्थान पर नहर का एफएसएल लेवल एवं नहर का नाम तथा डिजाइन डिस्चार्ज अंकित नहीं पाए गए। जबकि हर बैठक में अधिकारियों द्वारा यह बताया जाता है कि सभी गेज बना दिए गए हैं यहां तक की एक मुख्य नहर के गेज पर तो नंबर भी नहीं लिखे गए जो सिंचाई विभाग की किसानों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री विजय मलगाया, जिला जल संसाधन विभाग प्रभारी दीपचंद नवाद, विष्णु प्रसाद मालाकर और राहुल बांके मौजूद रहे।